RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार, 17 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 284 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र सियासी संकट मामले में सुनवाई पूरी...

## पांच जजों की पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

महाराष्ट्र : सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट के संबंध में प्रतिद्वंद्वी गुटों उद्धव ढाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। याचिकाओं के एक बैच पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने आदेश सुरक्षित रख लिया है।




प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने उद्धव और शिंदे दोनों गुटों और राज्यपाल के कार्यालय की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की सदस्यता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, देवदत्त कामत और अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल, हरीश साल्वे, महेश जेठमलानी और अधिवक्ता अभिकल्प प्रताप सिंह की दलीलें भी सुनीं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले में राज्यपाल कार्यालय की पैरवी की। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने नौ दिन की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन याचिकाओं पर सुनवाई 21 फरवरी से शुरू हुई थी। इससे पहले 17 फरवरी को शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र में जून 2022 में पैदा हुए सियासी संकट संबंधी याचिकाओं को सात न्यायाधीशों की पीठ को भेजने से इनकार कर दिया था। इनमें 2016 के नबाम रेबिया फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया गया था। न्यायालय ने 2016 में अरुणाचल प्रदेश के नबाम रेबिया के मामले पर फैसला दिया था कि यदि विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए नोटिस सदन में पहले से लंबित हो, तो वह विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए दी गई अर्जी पर कार्यवाई नहीं कर सकता। दरअसल, 29 जून 2022 को महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट चरम पर पहुंच गया था, जब शीर्ष अदालत ने ठाकरे के नेतृत्व वाली 31 महीने पुरानी एमवीए सरकार का बहुमत परीक्षण कराने के राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा सरकार बनी थी। इस बीच शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जून 2022 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया, जिसमें मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहा गया था।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## अंधेरी में बरामद किया गया 10 करोड़ का केटामाइन ड्रग



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. मुंबई पुलिस की एक्सटॉर्शन सेल ने अंधेरी इलाके में ड्रग्स को लेकर बड़ी कार्रवाई की है. एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने अंधेरी इलाके से 9-10 करोड़ रुपये का केटामाइन नाम का ड्रग्स बरामद किया है और दो आरोपियों को भी अपनी हिरासत में लिया है. पुलिस पकड़े गये लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है ताकि ड्रग्स के सिंडिकेट का पता लगाया जा सके. पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला है कि ये ड्रग तस्कर अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का हिस्सा है और ड्रग्स को मुंबई सप्लाई करने आये थे. पुलिस इस मामले में इन लोगों के या इनसे जोड़े लोगों के अंतरराष्ट्रीय अंडरवर्ल्ड की जांच कर रही है.

### मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थीं नशीली दवाएं

इससे पहले मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने 21 करोड़ रुपये की कीमत की 10 लाख टैबलेट्स को बीते रविवार को पकड़ा. अधिकारियों ने बताया, खुफिया जानकारी के आधार पर सेंट्रल इंटेलिजेंस यूनिट (सीआईयू) और मुंबई सीमा शुल्क क्षेत्र-3 ने लगभग 10 लाख टैबलेट से भरे ट्रामाडोल-एक्स225 के निर्यात खेप को रोका और जांच की. विभागीय अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान खेप में ट्रामाडोल मिला, जो एक मादक पदार्थ है और जिसका निर्यात एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8 (सी) के तहत प्रतिबंधित है.

# मनपा में दिख रहा 31 मार्च का असर...

## काम पूरा होने के पहले ही ठेकेदार जमा कर रहे बिल... बोरीवली के काम में सामने आया प्रकरण, कांग्रेस ने लगाया आरोप

**मुंबई** : आर्थिक वर्ष 31 मार्च को खत्म हो रहा है। मनपा के ठेकेदारो की मनपा अधिकारीयों की सांठ गांठ इस कदर बढ़ गई है कि 31 मार्च के पहले बिल को पास कराना है इसके लिए काम पूरा होने के पहले ही ठेकेदार बिल जमा कर दे रहे है। मनपा में चल रहे इस तरह के भ्रष्टाचार को लेकर मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे और कांग्रेस नगरसेवक रविराजा ने पश्चिम उपनगर डॉ संजीव कुमार के पास शिकायत की है। उन्होंने पूरे मामले की जांच करने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च तक आर्थिक बजट का काम पूरा करना होता है और उसका बिल मंजूर करना होता है। मनपा के इस समय किसी भी वार्ड अथवा मुख्यालय में अकाउंट विभाग में देखे तो बिल मंजूरी के लिए अंबार लगे हुए है।मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा ने बोरीवली पश्चिम स्थित गोराई जो कि मनपा के वार्ड क्रमांक 9 में आता है।

मनपा ने इस वार्ड में लादी लगाने और गंदे पानी की निकासी करने वाली पाइप लाइन बदलने से लेकर व्ही आई पी बेंच लगाने सहित फुटपाथ की मरम्मत करने का काम स्थानीय वार्ड आर मध्य




के मार्फत दिया गया था।इन कामों को 31 मार्च 2023 पूर्व पूरा करना था उसके बाद बिल देना था। मनपा विरोधी पक्ष नेता रविराजा ने आरोप लगाया कि अभी तक काम पूरा नहीं हुआ लेकिन ठेकेदार ने एक करोड़ से अधिक का बिल मंजूरी के लिए भेज दिया है।रावीराजा ने आरोप लगाया कि यह एक उदाहरण है उन्होंने कहा कि मुंबई के 24 वार्ड में इस तरह की शिकायते आ रही हैं। रविराजा ने जानकारी दी कि कांग्रेस कि स्थानीय पूर्व नगरसेविका रही श्वेता कोरगावकर ने बोरीवली वार्ड में हो थे घोटाले की जानकारी सामने लाई है ।

मनपा विरोधी पक्ष रहे रविराजा ने मनपा अतिरिक्त आयुक्त संजीव कुमार के पास सभी कागजात को देते हुए शिकायत दर्ज कराई है और इस पूरे मामले की जांच करने की गुहार लगाई है।रविराजा ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने अभी काम पूरा नहीं किया है और बिल जमा कर दिया है जिसे मनपा के अकाउंट विभाग ने मंजूरी भी दे दी है। रविराजा ने सवाल खड़ा किया कि ठेकेदार ने काम घटिया किया तो मनपा उस पर कार्रवाई कैसे करेगी इस तरह का सवाल खड़ा किया। रविराजा ने कहा कि यह जिस तरह का खुलासा हुआ है इस तरह का घोटाला मनपा के सभी 24 वार्ड में शुरू होने का आरोप लगाया। रविराजा ने हाल ही सौंदरीयकरण के कामों को लेकर दिए गए ठेके में और बड़ा भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### प्रदूषण का दाग

यह खबर परेशान करती है कि भारत दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों की सूची में आठवें स्थान पर है। यह स्थिति हमें दुनिया के तमाम पिछड़े व गरीब मुल्कों के करीब खड़ा करती है। साथ ही बताती है कि गाल बजाते नीति-नियंता जमीनी हकीकत के मामले में विफल साबित हुए हैं। मंगलवार को पूरी दुनिया में हवा की गुणवत्ता की जांच करने वाली स्विस एजेंसी आई.क्यू.एअर ने वायु प्रदूषण की वैश्विक स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। कुल 131 देशों की वायु गुणवत्ता की स्थिति के मूल्यांकन का आंकड़ा करीब तीस हजार ग्राउंड बेस मॉनिटरों के जरिये जुटाया गया। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित बीस शहरों में 19 एशिया के हैं। हमारे लिये बड़ी फिक्र की बात यह कि इन शहरों में 14 भारत के हैं। उल्लेखनीय है कि भारत पिछले साल दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में पांचवें स्थान पर था। सुधार की एक वजह यह है कि प्रदूषण नापने की इकाई यानी पी.एम.2.5 में भी गिरावट आई है। इसके बावजूद भारत की वायु गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर निर्धारित मानकों की तुलना में बहुत ज्यादा खराब है। इस बार दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी नहीं है। इसकी वजह है नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली का मूल्यांकन अलग-अलग ढंग से किया गया। यदि तकनीकी तौर पर दिल्ली को दो भागों में न बांटा गया होता तो शायद यह दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी होती। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे नंबर पर और नई दिल्ली 9वें स्थान पर है। दरअसल, हम अनियोजित विकास की त्रासदियों का दंश झेल रहे हैं। इसमें जहां हमारे नेतृत्व की उदासीनता शामिल हैं, वहीं उद्योग व कारोबारियों का पर्यावरण के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार भी। निस्संदेह, लोगों की उदासीनता तथा उत्तरदायित्व का अभाव भी समस्या का एक घटक है।

वैसे हालिया सर्वे का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि दिल्ली के मुकाबले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण कुछ सुधरा है। खासकर हरियाणा के औद्योगिक शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश के शहरों नोएडा,गाजियाबाद आदि में वायु गुणवत्ता में सीमित सुधार देखा गया है। ताज नगरी आगरा की स्थिति में भी सुधार हुआ। इसके बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप स्थिति अच्छी नहीं है। कई रिपोर्टें लोगों की जीवन प्रत्याशा प्रदूषण से कम होने की बात कहती हैं। खासकर सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों और बच्चों को इससे ज्यादा खतरा बना हुआ है। वहीं बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ी हैं। दरअसल, वायु गुणवत्ता में गिरावट का यह ट्रेंड पूरे दक्षिण एशिया की तस्वीर उकेर देता है क्योंकि दुनिया के 100 प्रदूषित शहरों में 72 दक्षिण एशिया के हैं। खासकर भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश के हैं। यही वजह है कि स्विस एजेंसी अपनी रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताती है। निस्संदेह यह स्थिति असहज करने वाली है। सत्ताधीशों को इस दिशा में कारगर योजना के साथ आगे बढ़ना होगा कि प्रदूषण कटौती के लिये व्यावहारिक उपायों के लिये कैसे संसाधन जुटाये जाएं और कैसे योजना का क्रियान्वयन किया जाये। निस्संदेह, इस समस्या से निबटने के लिये वर्षपर्यंत तंत्र को सक्रिय रहना होगा। केंद्र व राज्यों को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की भी नये सिरे से समीक्षा करनी होगी। जिसमें प्रदूषण से निबटने के प्रयासों में स्थानीय निकायों की बड़ी भूमिका निर्धारित करनी होगी। नागरिक के तौर भी लोगों से जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जानी चाहिए। उन्हें अहसास होना चाहिए कि हमारे गैर-जिम्मेदार व्यवहार से कई रोगियों, बुजुर्गों तथा बच्चों के जीवन का जोखिम बढ़ सकता है। इस बात की नये सिरे से समीक्षा होनी चाहिए कि कौन से घटक ज्यादा प्रदूषण पैदा करते हैं। साथ ही नीति-नियंताओं को आग लगने पर कुंआ खोदने की प्रवृत्ति से भी बचना होगा। अब चाहे वाहनों का कार्बन उत्सर्जन हो, निर्माण की धूल हो, फसलों-कचरे का निस्तारण हो या जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन का प्रश्न हो, समस्या को समग्र दृष्टि से देखने की जरूरत है। निस्संदेह, ठोस योजना के साथ प्रदूषण से लड़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# उद्धव ठाकरे के नेता राजन साल्वी की मुसीबत बढ़ी

## ACB ने आय से अधिक संपत्ति मामले में भेजा समन

**मुंबई** : महाराष्ट्र की राजनीति में आये दिन घमासान मचा हुआ है। कभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ सिंदे के नेता तो कभी पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेता एक दूसरे पर बयानबाजी कर रहे हैं। इसी बीच उद्धव ठाकरे गुट के नेता राजन साल्वी की मुश्किलें बढ़ गई है। राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति मामले में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक राजन साल्वी के परिवार को नोटिस दिया है।



जानकारी के अनुसार राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति मामले में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक राजन साल्वी के परिवार को नोटिस दिया है। उनकी पत्नी और भाई सहित परिवार के तीन सदस्यों को 20 मार्च को पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए समन भेजा गया है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक राजन साल्वी के परिवार को राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने समन भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार, एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में विधायक राजन साल्वी को नोटिस भेजा है। वहीं, एसीबी के समक्ष राजन साल्वी की पत्नी और भाई सहित उनके परिवार के तीन सदस्यों को 20 मार्च तक पेश होना है।

## NCB ने ढाई करोड़ की ड्रग्स और कैश जब्त की, एक आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई** : नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ढ़ाई करोड़ रुपए की नकदी और चरस जब्त की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी के जोनल डायरेक्टर अमित घवाटे ने बताया कि उन्हें कल्याण-शिलफाटा इलाके में एम. खान नामक व्यक्ति के अपनी दुकान से चरस की खरीद-फरोख्त कर रहा है। एनसीबी टीम ने सोमवार को कल्याण-शिलफाटा इलाके में एक दुकान पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में 33 लाख 50 हजार रुपए नकद, 970 ग्राम सोना और 1.170 किलोग्राम चरस बरामद हुई।

## महिला के साथ ठगी !

### एक मोबाइल कॉल आया और खाते से गंवाए 81 हजार




**महाराष्ट्र** : वर्तमान में छोटे से छोटे काम या फिर बड़े काम भी ऑनलाइन माध्यम द्वारा हम करते है। फिर चाहे मोबाइल में रिचार्ज डलवाना हो या फिर इलेक्ट्रिक बिल का भुगतान करना हो आदि काम हम ऑनलाइन ही करते है, इससे हमें फायदा यह होता है की हमारा समय भी बचता है और काम जल्द हो जाता है, लेकिन जैसे ऑनलाइन व्यवहार हमारे लिए वरदान की तरह है ठीक उसी तरह अब यह शाप भी बनते जा रहा है।

**एक कॉल से गंवाए 81 हजार**

आपको बता दें कि सेट टॉप बॉक्स रिचार्ज से जुड़ी समस्या को हल करने के लिए महिला को ऑनलाइन नंबर ढूंढ़ना और उस पर कॉल करना महंगा पड़ गया। जी हां दरअसल महिला ने इंटरनेट से नंबर लेकर कॉल किया। फोन पर मौजूद व्यक्ति ने महिला से फोन पर रिमोट एक्सेस एप लाने को कहा। सामने आया है कि उस शख्स ने उस ऐप के जरिए महिला के खाते से 81 हजार रुपये निकाल लिए, जिससे महिला को ठगा गया है।

**क्या है पूरा माजरा ?**

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई के विक्रोली पूर्व के कन्नमवार नगर में रहने वाली 47 वर्षीय महिला ने 5 मार्च को सेट टॉप बॉक्स को रिचार्ज कराया था। इसके लिए उसने 931 रुपये चुकाए थे। लेकिन उसने नहीं देखा कि पैसा जमा हो गया है और उसे संदेश भी नहीं मिला। एक दिन बाद उसे इंटरनेट पर कस्टमर केयर पर कॉल करने के लिए एक नंबर मिला।

**ऐसे उड़ाए महिला के 81 हजार**

इसके बाद इंटरनेट पर मिले नंबर पर महिला ने कॉल कीया। लेकिन उसने कस्टमर केयर से संपर्क नहीं किया। कुछ देर बाद उसके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। शख्स ने कहा कि वह कस्टमर केयर से बोल रहा है। महिला ने युवक को अपनी समस्या बताई। फिर उस व्यक्ति ने फोन से रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड करने को कहा। इसके बाद जो हुआ महिला दंग रह गई।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर NCP नेता हसन मुशरिफ पर ED ने कसा शिकंजा...

### दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया



**मुंबई** : प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में जांच का सामना कर रहे महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता हसन मुशरिफ ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें 20 मार्च को आगे की पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्होंने बुधवार शाम पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। मुशरिफ ने कहा, ''मुझसे (बुधवार को) आठ घंटे तक ईडी कार्यालय में पूछताछ हुई और मैंने उनके सवालों का संतोषजनक जवाब देने की कोशिश की। उन्होंने मुझे सोमवार को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है।'' कोल्हापुर के कागल विधानसभा क्षेत्र से विधायक मुशरिफ राज्य की पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री थे।

ईडी ने पश्चिमी महाराष्ट्र शहर में उनके परिसरों पर छापेमारी की थी और उन्हें पेशी के लिए समन जारी किया था। ईडी ने दावा किया था कि दो कंपनियों ने सर सेनापति संताजी घोरपड़े शुगर फैक्टरी लिमिटेड को संदिग्ध रूप से करोड़ों रुपये की धनराशि दी थी। सर सेनापति संताजी घोरपड़े शुगर फैक्टरी लिमिटेड में मुशरिफ के बेटे नाविद, आबिद और साजिद निदेशक या हितधारक हैं।



# ठाकरे गुट 21, NCP 19, कांग्रेस 8 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

## लोकसभा चुनाव के लिए MVA का खास फामूर्ला



**मुंबई :** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी का सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है. इस फॉर्मूले के तहत ठाकरे गुट को लड्डू और कांग्रेस को डच्चू दिया गया है. सूत्रों से मिली जानकारियों के मुताबिक कुल 48 सीटों में से ठाकरे गुट 21, एनसीपी 19 सीटों पर और कांग्रेस 8 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. जाहिर सी बात है कि कांग्रेस की ओर से असंतोष के स्वर बाहर आएंगे. क्योंकि खबर यह भी है कि पांच से छह सीटें ऐसी हैं, जिनमें आम सहमति नहीं हो पाई है. इसलिए इन पांच-छह सीटों पर अदला-बदली हो सकती है और अनुमान है कि कांग्रेस को 10 सीटों पर राजी कर लिया जाएगा. दरअसल कुछ वक्त पहले हुए महाराष्ट्र में विधानसभा के उपचुनावों में और विधानपरिषद के चुनावों में महाविकास आघाड़ी के संयुक्त उम्मीदवारों को बीजेपी के खिलाफ मिली सफलता ने यह साफ संदेश दिया है कि अगर सत्ता में वापस आने का सपना देखना है तो तीनों को एकत्र होना ही पड़ेगा. अलग-अलग रह कर यह फिलहाल नामुमकिन है.

**मुंबई की 6 सीटों में से 4 पर ठाकरे गुट, 1 पर कांग्रेस, 1 पर NCP लड़ेगी चुनाव**

मुंबई की बात की जाए तो इसके छह में से चार सीटों पर ठाकरे गुट, एक पर कांग्रेस और एक सीट पर एनसीपी चुनाव लड़ेगी. दूसरी तरफ बीजेपी भी तीसरी बार सत्ता स्थापित करने के लिए अपना पूरा जोर लगाने वाली है. बीजेपी ने इस बार अपनी रणनीति में काफी फेरबदल किया है.

**2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले 2024 में सीन बहुत अलग है**

2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 2014 के लोकसभा चुनाव में सीन बहुत अलग है. पिछली बार बीजेपी और शिवसेना का गठबंधन था. इसबार भी बीजेपी और शिवसेना का गठबंधन है, लेकिन यह एकनाथ शिंदे की शिवसेना है. ठाकरे गुट महाविकास आघाड़ी के साथ है. यानी हिंदुत्व का वोट महाराष्ट्र में बंट चुका है. पिछली बार 48 में से बीजेपी को 23 सीटों पर जीत मिली थी. 18 सीटों पर शिवसेना ने जीत हासिल की थी. एनसीपी को 4 सीटों से संतोष करना पड़ा था. कांग्रेस और एमआईएम को 1-1 सीटों पर जीत मिली थी.

**BJP का लक्ष्य 48 में से 45 सीटों पर जीत का**

बीजेपी ने इस बार 48 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है. ऐसे में साफ है कि बीजेपी की नजर ठाकरे गुट की सीटों पर होगी. दूसरी तरफ ठाकरे गुट की सीटों पर कांग्रेस और एनसीपी का समर्थन हासिल होगा. इस बार जो नई चीज दिखाई दे रही है, वो यह कि ठाकरे गुट को बड़ी तादाद में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी लोग समर्थन करने आगे आ रहे हैं. ऐसा पहले कम ही हुआ है.

**इस बार हर पार्टी के लिए अलग-अलग है चुनौती**

यह चुनाव हर पार्टी के लिए अपने-अपने नजरिए से खास है. ठाकरे गुट को अपना दम-खम वापस लाना है, वरना अस्तित्व का संकट है. बीजेपी को हिंदुत्व के वोट को बंटने से बचाना है. बीजेपी को यह साबित करना है कि पीएम मोदी का नाम महाराष्ट्र में भी चलता है और ठाकरे गुट का यह दावा पूरी तरह सही नहीं है कि महाराष्ट्र आकर बीजेपी को बालासाहेब ठाकरे का नाम लिए बिना गुजारा नहीं है. अगर बालासाहेब ठाकरे का नाम इतना ही जरूरी है तो चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को शिवसेना का नाम और निशान दे ही दिया है.

## घरफोडी मामले में शातिर चोर गिरफ्तार, 4 लाख से ज्यादा के जेवर जब्त

**पालघर :** पालघर की स्थानीय क्राइम ब्रांच ने सातपाटी थाने में दर्ज घरफोड़ी मामले को सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी ( रोहित वागेरे ) को गुजरात राज्य से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद,यह पाया गया कि उक्त आरोपी को 2 साल के लिए पालघर, ठाणे, मुंबई और नासिक जिलों से तड़ीपार कर दिया गया था। उसके खिलाफ पालघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सातपाटी थाने में दर्ज चोरी के अपराध में शामिल पाया गया।उक्त अपराध में आरोपी के पास से कुल चोरी हुए 4 लाख 20 हजार रुपये के सोने के गहने, चांदी आभूषण व नकदी सहित शत प्रतिशत सामान जब्त कर लिया गया है।

## पुणे/ टीसीएस कर्मचारी, पत्नी और नाबालिग बेटा घर में मृत पाये गये...

**पुणे :** महाराष्ट्र में पुणे शहर के औंध इलाके में बुधवार को टीसीएस के एक कर्मचारी और परिवार के दो सदस्य रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाये गये। पुलिस ने बताया कि मंगलवार देर रात चतुश्रृंगी थाने में तीनों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद आज अपराह्न यह मामला सामने आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार टीसीएस कंपनी में आईटी इंजीनियर के रूप में कार्यरत सुदीप्तो गांगुली (44) ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने से पहले कथित रूप से पत्नी और आठ साल के बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि सुदीप्तो गांगुली मंगलवार रात से अपने भाई का फोन नहीं उठा रहा था इसलिए बेंगलुरु में रहने वाले उसके भाई ने उसके दोस्तों को फोन किया, जिन्होंने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी। सुदीप्तो का भाई बुधवार सुबह पुणे आया और अपराह्न वह पुलिस के साथ औंध इलाके में सुदीप्तो के घर पहुंचा और वहां उन्हें तीन शव मिले। पुलिस का मानना है कि सुदीप्तो ने आत्महत्या करने से पहले अपनी पत्नी प्रियंका (40) और बेटे तनिष्क की प्लास्टिक की थैलियों से गला घोंट कर हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## जल्द जिले को मिलेगी एक और थाने की सौगात

**नायगांव :** नायगांव पुलिस स्टेशन का कार्य पूरा हो गया है और 17 मार्च को इसका उद्घाटन होगा। नायगांव,वसई विरार शहर क्षेत्र का 11वां पुलिस थाना और मीरा भाईदर पुलिस आयुक्तालय का 17वां पुलिस थाना है। ज्ञात हो कि, मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की स्थापना 1 अक्टूबर, 2020 को हुई थी। आयुक्तालय पालघर और ठाणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के कार्यालयों को विभाजित करके बनाया गया था।नए ढांचे में शहर में तीन सर्किल बनाए गए हैं, सर्कल 1 मीरा भायंदर शहर में बनाया गया था और 2 सर्कल वसई विरार शहर में बनाए गए थे।उस समय वसई विरार शहर में मांडवी, पेल्हार, बोलिंज,आचोले और नायगांव थाने प्रस्तावित थे।बोलिंज और नायगांव थाने बनाए जाने थे।जगह की कमी के कारण बोलिंज थाने का काम बंद है। वालीव और मानिकपुर पुलिस थानों को विभाजित कर नायगांव थाना बनाया गया है।वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रमेश भामे को पहला थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।नायगांव पुलिस थाने का उद्घाटन शुक्रवार 17 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस महानिदेशक रजनीश सेठ करेंगे।



## 'दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति' होने के बावजूद, पुरानी पेंशन योजना को लेकर शिंदे सरकार पर बरसे उद्धव ठाकरे

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस सरकार के पीछे ''दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति'' होने के बावजूद, जो कि दिल्ली में है, पुरानी पेंशन योजना को लागू करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए. ''यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अपनी मांगों के लिए इतनी दूर आ रहे हैं. मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को जाकर उनसे बात करनी चाहिए. दुनिया की सबसे बड़ी ताकत इस सरकार के पीछे है, जो दिल्ली में है, तो पुरानी पेंशन योजना को लागू करने में उन्हें क्या परेशानी हो रही है.''

**उद्धव ठाकरे ने साधा निशाना**

उनकी यह टिप्पणी अर्ध-सरकारी कर्मचारियों सहित 18,000 से अधिक सरकारी कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर महाराष्ट्र में हड़ताल पर जाने के बाद आई है. हजारों किसानों के सड़कों पर उतरकर अपनी समस्याओं, खासकर प्याज की कीमतों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने कहा कि यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों को अपनी मांगों को लेकर नासिक से मुंबई तक मार्च करना पड़ रहा है. ''किसान मोर्चा नासिक से मुंबई आ रहा है. उनके विरोध पर ध्यान देना चाहिए. इससे पहले भी किसानों ने मार्च निकाला था. इस दौरान आदित्य ठाकरे उनसे मिलने पहुंचे. लेकिन अब तक इस सरकार की ओर से कोई भी बात करने नहीं गया है.'



गौरतलब है कि अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले किसानों ने प्याज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, कृषि उपज और दुग्ध उत्पादों के लिए उचित मूल्य, बिजली बिल माफी, वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के कार्यान्वयन में देरी सहित अपनी मांगों को लेकर विरोध मार्च निकाला. इस बीच, पुरानी पेंशन योजना के कार्यान्वयन के बारे में बात करते हुए, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए एक पैनल की घोषणा की है. ''इस मुद्दे को केवल चर्चा के माध्यम से हल किया जा सकता है, कल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तीन सदस्यीय समिति को तीन महीने के भीतर सिफारिशें रिपोर्ट प्रस्तुत करने की घोषणा की.

## ड्रग्स बेचते पकड़ी गई 52 वर्षीय महिला, 9 लाख से ज्यादा का माल जब्त!

**पालघर :** पालघर के तुलिंज थाने की क्राइम डिटेक्शन की टीम ने नालासोपारा पूर्व के विजयनगर क्षेत्र में छापा कर लाखों रुपये ड्रग्स बरामद किया है।पुलिस को मिली गुप्त जानकारी के अनुसार 52 वर्षीय गीता स्वामी नामक महिला के घर छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया। पुलिस के मुताबिक,महिला के पास से 10.560 ग्राम ब्राउन शुगर व 88 ग्राम एमडी बरामद की गई है। जिसकी कीमत 9 लाख 33 हजार रुपये आकी गई है।

पी.आई शैलेन्द्र नगरकर ने कहा कि उक्त महिला नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है और इसके पहले भी उसके खिलाफ तुलिंज थाना में मामला दर्ज किया गया था। जमानत मिलने के बाद एक बार फिर आरोपी महिला के कब्जे से ड्रग्स बरामद हुई।महिला को गिरफ्तार किया गया है।उसके खिलाफ तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।



# ठाणे के मकान में लगी भीषण आग, घटना के समय घर में सो रहा था परिवार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में गुरुवार को सुबह एक मकान में आग लग गई। जिससे इलाके में हड़कंप मच गई। बताया जा रहा है कि जिस समय मकान में आग लगी उस समय परिवार मकान में सो रहा था। फिलहाल आग लगते ही परिवार मकान से बाहर निकल गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलती फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया।

फायरय ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि ठाणे शहर के लोकमान्य नगर में एक चॉल में स्थित एक मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े सात बजे आग लग गई।आग की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। किसी ने इसकी जानकारी फायर ब्रीगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।फिलहाल इस आगजनी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

ठाणे नगर निकाय के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि स्थानीय दमकल कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना में घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# अमृता फडणवीस को एक करोड़ रुपए की रिश्वत देने के आरोप में डिजाइनर अनीक्षा गिरफ्तार,

**अनिल जयसिंघानी की तलाश जारी...**



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को एक करोड़ रुपए की रिश्वत देने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को डिजाइनर अनीक्षा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पुलिस दूसरे आरोपी अनिल जयसिंघानी की तलाश में जुट गई है। अमृता फडणवीस ने अपने फोन पर धमकी भरे कॉल और संदेश प्राप्त करने के बाद मुंबई स्थित डिजाइनर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अमृता फडणवीस ने अनिक्षा पर उन्हें एक करोड़ की रिश्वत देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मालाबार हिल पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में अनिक्षा के पिता का भी नाम है।

पुलिस ने कहा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने डिजाइनर अनीक्षा को गिरफ्तार किया। पुलिस दूसरे आरोपी अनिल जयसिंघानी की तलाश कर रही है। पुलिस ने अनिक्षा और उसके पिता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। बताया जा रहा है कि डिजाइनर के पिता पर एक मामला दर्ज है इसी को रफा दफा करने के लिए महिला ने अमृता से मदद मांगी थी। लेकिन उन्होंने इस काम से मना कर दिया तो महिला ने यह साजिश रची।

उन्होंने कहा, 2021 में, उसने अमृता से फिर संपर्क किया और उसे उसके द्वारा डिजाइन किए गए कपड़े पहनने के लिए कहा। उसने पिता को झूठे मामलों में फंसाए जाने का दावा करते हुए मदद मांगी। मेरी पत्नी ने कहा कि उन्हें एक ज्ञापन देना चाहिए, जिसे मुझे भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार बदलने के बाद, डिजाइनर ने सटोरियों के साथ अपने संपर्कों के बारे में बात की। उसने दावा किया कि वह जानकारी साझा करेगी और अधिकारियों द्वारा छापे मारे जाने के बाद, उसे दोनों पक्षों से पैसे मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डिजाइनर ने संकेत दिया कि यदि मामले वापस नहीं लिए जाते हैं, तो वह उन्हें (देवेंद्र फडणवीस) को फंसा सकती हैं। फडणवीस ने कहा कि महिला ने पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं के नाम लेते हुए दावा किया कि इनके साथ उसके संबंध है। उन्होंने कहा कि पिछले पुलिस आयुक्त के कार्यकाल के दौरान मामलों को खत्म करने का प्रयास किया गया था। फडणवीस ने बताया महिला ने कहा कि अगर मामले वापस ले लिए जाते हैं, तो वह और उसका पिता अमृता और उनके पति के पक्ष में बोलेंगे। फडणवीस ने कहा कि, पिछली सरकार के दौरान उसने हमेशा उन्हें फंसाने की कोशिश की। शुक्र है, कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राजनीति का स्तर गिर गया है। फडणवीस ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि, अमृता द्वारा फोन पर नंबर ब्लॉक करने के बाद डिजाइनर ने अज्ञात नंबरों से कुछ ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग भेजकर उनकी पत्नी को ब्लैकमेल करने की कोशिश की।

# ६० कंपनियों से लगभग तीन करोड़ की ठगी




**मुंबई :** आंध्र प्रदेश के सीएम जगमोहन रेड्डी के नाम पर करोड़ों की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में मुंबई साइबर सेल ने २८ वर्षीय पूर्व रणजी खिलाड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने आंध्र प्रदेश के सीएम के नाम से ६० कंपनियों से लगभग तीन करोड़ की ठगी की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम नागराजू बुदुमुरु है। आरोपी ने एक इलेक्ट्रॉनिक विक्रेता को मिलने के लिए बुलवाया। विक्रेता को अपना परिचय आंध्र प्रदेश का सीएम के पीए के तौर पर दिया। आरोपी नागराजू ने कहा कि उसे इलेक्ट्रॉनिक्स विक्रेता के प्रबंध निदेशक का नंबर चाहिए। मुख्यमंत्री एमडी से बात करना चाहते हैं।

# अगले तीन दिनों तक कैसा रहेगा मौसम ?

## बारिश और किसानों को लेकर आई ये खबर

**महाराष्ट्र :** देश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है. कुछ जगहों पर पारा लुढ़का है. मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले पांच दिनों में देश के कई हिस्सों में बिजली चमकने के साथ बारिश होने का अनुमान है. मौसम विभाग ने 20 मार्च तक कई इलाकों में छिटपुट बारिश और कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है. इस बीच बेमौसम बारिश से कई इलाकों में फसलों को नुकसान पहुंचा है. किसानों पर बड़ा संकट मंडरा रहा है.

**महाराष्ट्र के इस क्षेत्र में बारिश की संभावना**

गुरुवार, 16 मार्च से 18 मार्च तक पूरे महाराष्ट्र में तीन दिनों तक गरज के साथ बौछारें और तेज हवाएं चलने के साथ अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है. इस बीच, मौसम विभाग ने मध्य महाराष्ट्र के 10 जिलों में छिटपुट स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है. 16 और 17 मार्च को तीन दिनों तक बारिश की संभावना है, खासकर गोंदिया, भंडारा, गढ़चिरौली, चंद्रपुर



और यवतमाल जिलों में इसकी संभावना है. मराठवाड़ा में भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है. मराठवाड़ा में 16 मार्च तक बारिश का अनुमान है. मराठवाड़ा, खासकर उस्मानाबाद, लातूर, हिंगोली, नांदेड़ जिलों में बारिश की संभावना अधिक है.

**यहां भी बारिश के आसार**

मौसम विभाग ने उत्तर महाराष्ट्र में भी 16 मार्च तक बारिश की संभावना जताई है. खासकर नंदुरबार, धुले, जलगांव और नासिक जिलों में बारिश के आसार अधिक हैं. मौसम विभाग ने पश्चिमी महाराष्ट्र में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है. इस इलाके में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है. येलो अलर्ट में मौसम विभाग ने हल्की बारिश की संभावना जतायी है.

**यहां अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना**

आज यानी 16 से 20 मार्च तक अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत, उत्तर-पश्चिम भारत के साथ-साथ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ छींटे और ओलावृष्टि होने की संभावना है. भारतीय मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार, अगले 10 दिनों के दौरान मध्य, उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है. इससे फसलों को नुकसान होगा और उत्पाद भी प्रभावित होंगे.

**इन राज्यों में बारिश के आसार**

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना है. 16 से 19 मार्च 2023 के दौरान विभिन्न स्थानों पर तूफानी हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने कई जगहों पर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. महाराष्ट्र और कर्नाटक

# नाइजीरियन ड्रग्स पेडलर ने मुंबई पुलिस के कर्मचारी पर चाकू से किया हमला, गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक नाइजीरियन ड्रग्स पेडलर ने मुंबई पुलिस के एक कर्मचारी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में घायल पुलिस कर्मचारी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. वहीं, इस मामले में आरोपी नाइजीरियन ड्रग्स पेडलर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

**तलाशी के दौरान संदिग्ध ने की थी धक्कामुक्की**

दरअसल, मुंबई पुलिस को जानकारी मिली थी कि मुंबई के पायधूनी इलाके में स्थित धोबी स्ट्रीट के पास कुछ लोग ड्रग्स लेकर आने वाले हैं. इस सूचना के बाद पुलिस वहां पहुंची. सूत्रों ने बताया कि इसके बाद जब पुलिस ने संदिग्ध नाइजीरियन की तलाशी लेने के लिए गए, तब संदिग्धों ने पुलिस से धक्कामुक्की की. इतना ही नहीं, उसने अपने पास एक धारदार चाकू रखा था, जिसका इस्तेमाल कर उसने पुलिस पर हमला कर दिया. इस मामले में जख्मी पुलिस कर्मचारी का इलाज नायर अस्पताल में चल रहा है. उधर, आरोपी नाइजीरियन ड्रग्स पेडलर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच पड़ताल की जुट गई है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com